# मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालयों का किया निरीक्षण, व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

नईदुनिया न्यूज, बेमेतरा : छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला न्यायालय कबीरधाम (कवर्धा) और बेमेतरा का निरीक्षण किया। उनके साथ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल मनीष कुमार ठाकुर, संयुक्त रजिस्ट्रार सह पीपीएस एम.वी.एल.एन. सुब्रहमण्यम, प्रोटोकाल अधिकारी आरएस नेगी और दोनों जिलों के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित थे।




जिला न्यायालय का निरीक्षण करते उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा। ● नईदुनिया

निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को न्यायालय भवन की नियमित सफाई, उचित रखरखाव और सौंदर्यीकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना गया। मुख्य न्यायाधीश ने पूर्व निरीक्षण में चिन्हित समस्याओं के समाधान की प्रगति की समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया कि कई कमियों को दूर करने के लिए प्रभावी प्रयास किए गए हैं। उन्होंने निर्माणाधीन नए न्यायालय भवन का भी निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधीश सिन्हा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि न्यायिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाया जा सके। उनके प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव जिला न्यायालयों की कार्यप्रणाली में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।